Publication: **Amar Ujala** l Region: **Varanasi** l Date: **30/04/2015** l Page No.: **17**

रिलायंस लाइफ ने पेश किया हेल्थ टोटल प्लान

नई दिल्ली (ब्यूरो)। रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस कंपनी ने अनूठे फायदों से युक्त एक व्यापक स्वास्थ्य बीमा योजना रिलायंस हेल्थ टोटल लांच किया है। रिलायंस हेल्थ टोटल एक नॉन लिंक्ड, नॉन पार्टीशिपेटरी और नॉन वैरिएबल हेल्थ इंश्योरेंस प्लान है, जो स्वास्थ्य संबंधी सभी खर्चों की प्रतिपूर्ति के साथ अस्पताल में भर्ती गंभीर बीमारियों एवं सर्जरी आदि सभी को कवर करता है।

रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस के चीफ एजेंसी अधिकारी मनोरंजन साहू ने बताया कि रिलायंस हेल्थ टोटल अस्पताल में भर्ती और गंभीर बीमारियों के लिए कुछ निर्धारित फायदे उपलब्ध कराता है। मेडिकल रिम्बर्समेंट यानी चिकित्सा प्रतिपूर्ति फीचर इस प्लान की खास विशेषता है। इसके जरिए उपभोक्ता अपने मेडिकल बिल या ओटीसी स्वास्थ्य संबंधी खर्चों के लिए दावा कर सकता है। यह प्लान आपकी मौजूदा बीमा योजना के फायदों के अलावा अस्पताल में भर्ती के लिए अतिरिक्त कवर प्रदान करता है।

- **नियमित भुगतान की पांच सालों की बीमा योजना**

रिलायंस हेल्थ टोटल एक नियमित भुगतान की पांच सालों की योजना है, जिसे 99 साल की आयु तक नवीनीकृत किया जा सकता है। यह प्लान दो विकल्प उपलब्ध कराता है। उपभोक्ता पॉलिसी पर ऊंची बीमा राशि अथवा ज्यादा मेडिकल रिम्बर्समेंट में से एक विकल्प को चुन सकते हैं। यह प्लान अस्पताल में भर्ती, 10 गंभीर बीमारियों, आईसीयू उपचार और सर्जरी पर आने वाले खर्च के लिए कवर प्रदान करता है, चाहे बिल की राशि कुछ भी हो।